an>

Title: Need to improve BSNL mobile service in Dhamtari district, Chhattisgarh.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर) ः छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले के नगरी-सिहावा विधान सभा के वि.ख.-नगरी में राजपुर, रिसगां, घोटगॉव, मेचका, आमगांव, फरसिया, बोडरा, झुरातराई, सिहावा, कुमडा, गट्टासिल्ली, छुही, बिर्गुड़ी, कसपुर एवं वि.ख.-मगरलोड के बिर्झुली, कुसुम्खुटा, मधुबन, हरदी, हसदा स्थानों पर बी.एस.एन.एल. के टॉवर लगे हुए 10 वर्षों से भी अधिक हो गए, परन्तु आज तक उनको प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिसके कारण वहाँ के नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। एक तरफ पूरा देश डिजिटल इंडिया बन रहा है, वहीं आज भी कई लोगों को आपस में एक स्थान से दूसरे स्थान से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उक्त निर्मित टॉवरों को शीघ्र प्रारंभ किया जाये।